**दिनांक 24.07.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में CONSTRUCTION OF SPECIAL TASK FORCE(STF) HEAD QUARTER BUILDING AT LODIPUR, PATNA कार्य के आमंत्रित पुनर्निविदा के तकनीकी बीड अभिलेखों के मूल्यांकन पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

**उपस्थिति:-**

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री ब्रजेश कुमार,** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**कार्यवाही:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | **CONSTRUCTION OF SPECIAL TASK FORCE(STF) HEAD QUARTER BUILDING AT LODIPUR, PATNA** |
| 2. | **योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** | - | ₹63.11 करोड़ (गृह विभाग(आरक्षी शाखा) का पत्रांक-12690 दिनांक 04.10.2025) |
| 3. | **योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि (विद्युत सहित)** | - | ₹58.617956 करोड़ (मुख्य अभियंता(निरूपण) के पत्रांक-99(नि0)अनु0 दिनांक 29.01.2026) |
| 4. | **परिमाण विपत्र की राशि (विद्युत सहित)** | - | ₹37,10,00,274.00 (सिविल) +₹20,96,13,294.00 (विद्युत) =₹58,06,13,568.00 |
| 5. | **कार्य समाप्ति की अवधि** | - | 18(अठारह)माह |
| 6. | **निविदा आमंत्रण की तिथि** | - | 01.04.2026 |
| 7. | **निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की प्रारंभ तिथि** | - | 07.04.2026 |
| 8. | **निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि** | - | 29.04.2026 |
| 9. | **प्री-बीड की तिथि एवं समय (संशोधित)** | - | दिनांक 16.04.2026 को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना एवं दिनांक 17.04.2026 को मुख्य अभियंता(पटना) के कार्यालय कक्ष में। |
| 10. | **निविदा प्रसारण का माध्यम** | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | **निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि, प्रकाशित समाचार पत्र का नाम एवं टेन्डर आई0डी0** | - | दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण दिनांक 03.04.2026 www.eproc2.bihar.gov.in पर एवं 128529 |
| 12. | **प्रकाशन का पी0आर0 संख्या** | - | 000039(भवन)/2026-27 |
| 13. | **निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता** | - | **(I)** DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK, TANK ROAD, RANCHI-834001 (BCD BIHAR CLASS-1 REGISTRATION NO.-1220064 VALID UPTO 10.08.2027) **(II)** PRASAD CONSTRUCTION & CO., LILA MOHAN NIWAS, NAISARAI, BIHAR SHARIF, NALANDA-803101, BIHAR (BCD BIHAR CLASS-1 REG. NO.-1210110 VALID UPTO 07.12.2026) **(III)** R S AGRWAL INFRATECH PVT. LTD., 2ND FLOOR, 201, LIYA COMPLEX, P P COMPOUND, RANCHI-834001, JHARKHAND. (BMSICL, BIHAR CLASS-1 REGISTRATION NO.-BMSIC/I-179/2023-24 VALID UPTO 06.12.2028) |

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**

**विषयांकित कार्य की प्रथम निविदा की कार्यवाही:-**

विषयांकित कार्य की प्रथमवार आमंत्रित निविदा में भाग लेने वाले तीन निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 159 अनु0 पटना दिनांक 24.02.2026 द्वारा तकनीकी मूल्यांकन हेतु समर्पित किया गया। प्रथमवार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार सफल नहीं पाये जाने के कारण दिनांक 24.03.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

वर्त्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-

विषयांकित कार्य की यह द्वितीयवार आमंत्रित निविदा है। उक्त निविदा में उपरोक्त कंडिका-13 में अंकित कुल तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 294 अनु0 दिनांक 30.04.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों का तकनीकी मूल्यांकन ई-टेन्डर मॉड्यूल में अपलोडेड Bidding Document के आधार पर इस शर्त के साथ किया गया कि सभी निविदाकार द्वारा समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र को जाँच/सत्यापन में उनका कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र यदि फर्जी/जाली पाया जाता है, तो संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया गया कि:-

**प्रथम निविदाकार DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK. TANK ROAD, RANCHI-834001** (BCD BIHAR CLASS-1 REGISTRATION NO.-1220064 VALID UPTO 10.08.2027) द्वारा आमंत्रित निविदा के Technical Eligibility Criteria अंतर्गत मांगे गये सभी अभिलेखों को समर्पित किया गया है, जिसे तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने जाँचोपरान्त सही पाते हुए इन्हें तकनीकी बीड में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने **"रिस्पॉन्सिव"** पाया।

**द्वितीय निविदाकार PRASAD CONSTRUCTION & CO., LILA MOHAN NIWAS, NAISARAI, BIHAR SHARIF, NALANDA-803101, BIHAR** (BCD BIHAR CLASS-1 REG. NO.-1210110 VALID UPTO 07.12.2026) द्वारा आमंत्रित निविदा के Technical Eligibility Criteria की कंडिका-3(c)i & कंडिका-3(c)ii के द्वारा समान प्रकृति के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की मांग की गयी है। उक्त के लिए निविदाकार द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र जो कि:-

(i) निविदाकार द्वारा समर्पित Proposed Construction of State Command Control Centre at Ranchi के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा-Electrical Substation) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नहीं पाया गया।

(ii) निविदाकार द्वारा समर्पित Construction of different building and campus development work at Simultala Awasiya Vidyalay, Simultala, Jamui के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा-VRV/VRF/HVAC Work, Electrical Sub-station) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नहीं पाया गया। साथ ही, यह कार्य निविदा कागजात के अंतर्गत B+G+3 के न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नही करते हैं।

(iii) निविदाकार द्वारा समर्पित Construction of different building in Nalanda Open University at Badgaon, Nalanda के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा-VRV/VRF/HVAC Work) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नही पाया गया। साथ ही, यह कार्य निविदा कागजात के अंतर्गत B+G+3 के न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नहीं करते हैं।

(iv) निविदाकार द्वारा समर्पित Construction of SC & St residential school at Rehal, Rohtas के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा-Electrical HT Work, VRV/VRF/HVAC Work, Electrical Substation work, STP Work, Lifts, Landscape work) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नहीं पाया गया। साथ ही, यह कार्य निविदा कागजात के अंतर्गत B+G+3 के न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नही करते हैं।

(v) निविदाकार द्वारा समर्पित Construction of Government Engineering College at Siwan के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा-Electrical HT Work, Electrical Substation work, Landscape work) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नही पाया गया। साथ ही, यह कार्य निविदा कागजात के अंतर्गत B+G+3 के न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नहीं करते हैं।

(vi) निविदाकार द्वारा समर्पित Construction of Government Engineering College, Sipaya Kuchaikot at Gopalganj के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा-Landscape work) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नही पाया गया। साथ ही, यह कार्य निविदा कागजात के अंतर्गत B+G+3 के न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नहीं करते हैं।

(vii) निविदाकार द्वारा समर्पित Construction of Government Engineering Colleg, Simariya, Araria के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा-Electrical HT Work, VRV/VRF/HVAC Work, Electrical Substation work, DG Set, Lifts, Landscape work) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नहीं पाया गया। साथ ही, यह कार्य निविदा कागजात के अंतर्गत B+G+3 के न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नही. करतें हैं।

(viii) निविदाकार द्वारा समर्पित Construction of the Permanent Campus of Indian Institute of Information Technology, Bhagalpur, Bihar (Phase-I) के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा-DG Set work) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नहीं पाया गया। साथ ही, यह कार्य निविदा कागजात के अंतर्गत B+G+3 के न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नहीं करते हैं।

(ix) निविदाकार द्वारा समर्पित Construction of Rajkiya Polytechnic, Jaynagar, Kodarma के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा-VRV/VRF/HVAC work, DG set, STP Work, Lifts Work) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नहीं पाया गया। साथ ही, यह कार्य निविदा कागजात के अंतर्गत B+G+3 के न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नहीं करते हैं।

(x) निविदाकार द्वारा समर्पित Proposed Construction of Collectorate Building with Facilities at Lohardaga के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा-Electrical HT & LT Work, VRV/VRF/HVAC work, Electrical Substation Work, STP Work) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नही पाया गया। साथ ही, यह कार्य निविदा कागजात के अंतर्गत B+G+3 के न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नही करते हैं। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार R S AGRWAL INFRATECH PVT. LTD., 2ND FLOOR, 201, LIYA COMPLEX, P P COMPOUND, RANCHI-834001, JHARKHAND (BMSICL, BIHAR CLASS-1 REGISTRATION NO.-BMSIC/I-179/2023-24 VALID UPTO 06.12.2028)** द्वारा आमंत्रित निविदा के Technical Eligibility Criteria की कंडिका-3(c)i & कंडिका-3(c)ii के द्वारा समान प्रकृति के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की मांग की गयी है। उक्त के लिए निविदाकार द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र जो किः-

(i) निविदाकार द्वारा समर्पित Balance Civil Work and Additional Work (MGPS, Furniture, MOT, Nurse Call System CSSD etc. for to be made fully operational of regional institute of Ophthalmology at RIMS Ranchi के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र समर्पित किया गया। उक्त कार्य के अनुभव प्रमाण-पत्र में Balance Civil Work & Additional Work अंकित होने के कारण आमंत्रित निविदा के एन0आई0टी0 के कंडिका-33 के आलोक में मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 1285(प0)अनु0 दिनांक 12.05.2026 एवं पत्रांक 1354(प0) दिनांक 20.05.2026 द्वारा निविदाकार के द्वारा उपरोक्त कार्य के अनुभव प्रमाण-पत्र में अंकित Basement+Ground+6 Floor हेतु RCC Framed Structure का कार्य किये जाने हेतु स्पष्ट प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध प्रबंधक-सह-कार्यपालक अभियंता, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पी0आई0यू0, राँची से किया गया। उक्त के आलोक में प्रबंधक-सह-कार्यपालक अभियंता, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पी0आई0यू0, राँची के पत्रांक 337 अनु0 दिनांक 20.05.2026 एवं पत्रांक 342 दिनांक 22.05.2026 द्वारा यह सूचित किया गया कि समर्पित अनुभव प्रमाण-पत्र संख्या-101 दिनांक 17.02.2026 इस कार्यालय के द्वारा निर्गत है जिसके अंतर्गत एकरारनामा संख्या-14 SBD/2023-24 dt. 06.03.2024 के तहत Balance Civil Work & Additional Work किया गया तथा निविदाकार के द्वारा ही संबंधित भवन के Basement+Ground+6 Floor का RCC Framed Structure का कार्य दूसरे एकरारनामा संख्या-11 SBD/2014-15 dt. 23.08.2014 के अंतर्गत कराया गया है।

उक्त से स्पष्ट है कि निविदाकार **R S AGRWAL INFRATECH PVT. LTD** द्वारा दो अलग-अलग एकरारनामा अंतर्गत कार्य कराया गया है एवं एकरारनामा संख्या-14 SBD/2023-24 dt. 06.03.2024 के लिए समर्पित अनुभव प्रमाण-पत्र के अनुसार निविदाकार द्वारा आमंत्रित निविदा के न्यूनतम Basement+Ground+3 Floor का RCC Framed Structure द्वारा वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करते हैं। विदित हो कि एक समान प्रकृति कार्य अनुभव मात्र एक एकरारनामा अंतर्गत क्रियान्वित करने के लिए ही मान्य होता है।

(ii) निविदाकार द्वारा समर्पित Construction & Development of Eklavya Model School (EMRS) at Dumaria, East Singhabhum, Jharkhand and Sonua, West Singhabhum, Jharkhand के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में Specialized Services (यथा- Electrical HT works, VRV/VRF/HVAC work, Electrical SubStation work, DG Set, STP work, Lifts, On Grid Solar Photo Voltaic Power Generation System work) संबंधी कार्य अनुभव अंकित नही पाया गया। साथ ही, यह कार्य निविदा कागजात के अंतर्गत (B+G+3) RCC Framed Structure के न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नही करते हैं।

(iii) निविदाकार द्वारा समर्पित Construction of 150 Bedded Hospital at Amar Sahid Jagdev Prasad Sadar Hospital Jahanabad का निर्माण कार्य वर्तमान में पूर्ण नही है।

उक्त निविदाकार द्वारा समर्पित Form-G का शपथ-पत्र, Technical Eligibility Criteria की कंडिका-6 के अनुसार ₹1,000.00(एक हजार रूपये) के Non-Judicial Stamp पर नहीं पायी गयी। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

**15. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से द्वितीयवार आमंत्रित निविदा में निविदाकार **R S AGRWAL INFRATECH PVT. LTD., 2ND FLOOR, 201, LIYA COMPLEX, P P COMPOUND, RANCHI-834001, JHARKHAND (BMSICL, BIHAR CLASS-I REGISTRATION NO.-BMSIC/I-179/2023-24 VALID UPTO 06.12.2028)** एवं **PRASAD CONSTRUCTION & CO., LILA MOHAN NIWAS, NAISARAI, BIHAR SHARIF, NALANDA-803101, BIHAR (BCD BIHAR CLASS-1 REG. NO.-1210110 VALID UPTO 07.12.2026)** को तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** किये जाने के उपरांत असफल तथा निविदाकार **DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK. TANK ROAD, RANCHI-834001 (BCD BIHAR CLASS-1 REGISTRATION NO.-1220064 VALID UPTO 10.08.2027)** को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉन्सिव"** पाये जाने उपरान्त सफल किये जाने की अनुशंसा के साथ पथ निर्माण विभाग, बिहार की अधिसूचना संख्या 3162(एस) दिनांक 09.05.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

**16. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

विषयांकित कार्य **CONSTRUCTION OF SPECIAL TASK FORCE(STF) HEAD QUARTER BUILDING AT LODIPUR, PATNA** कार्य के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक 25.05.2026 की बैठक में की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 31.07.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद मुख्य अभियंता(पटना) के ईमेल पर (cepatna.bcd@gmail.com) अथवा कार्यालय में प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता(पटना) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं होने के स्थिति में मुख्य अभियंता(पटना) वित्तीय बीड खोल कर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| (विकास कुमार पाण्डेय) | (ब्रजेश कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (प्रणव कुमार) |
|---|---|---|---|
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भ०नि०वि०, बिहार, पटना | मुख्य अभियंता(पटना) भ०नि०वि०, बिहार, पटना | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ०नि०वि०, पटना | सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(पटना)यो0विविध-8-9/2025 - 2037 (D) पटना, दिनांक- 27.02.26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना